नवभारत-शक्ति गरबा महोत्सव को धमाकेदार बनाने में जुटे प्रतिभागी

अनुभवी ट्रेनर्स सिखा रहे स्टेप्स नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच जबरदस्त उत्साह

जबलपुर, नवभारत। नवभारत शक्ति गरबा महोत्सव 2025 को लेकर प्रतिभागियों और नन्हे मुन्ने बच्चो के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। 23 सितंबर से जॉनसन हिंदी मीडियम स्कूल के ग्राउंड में शुरू होने वाले गरबा महोत्सव में परफार्मेंस के लिए प्रतिभागियों को प्रतिदिन अभ्यास कराया जा रहा है, जहां अनुभवी ट्रेनर्स द्वारा गरबा के विभिन्न स्टेप्स और फॉर्म सिखाए जा रहे हैं। प्रैक्टिस के दौरान सभी प्रतिभागी ड्रेस कोड में नजर आए। ग्रुप से जुड़ी पल्लवी, पूनम, नीलम और खुशबू ने बताया कि गरबा महोत्सव में भाग ले रहे प्रतिभागी पूरे जोश के साथ अभ्यास में जुटे हुए हैं। इन दिनों जॉनसन स्कूल में शाम के समय गरबा की धुनों पर थिरकते युवाओं का उत्साह देखने लायक होता है। गरबा महोत्सव में न सिर्फ आम प्रतिभागी बल्कि नन्हे मुन्ने बच्चे भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और अपनी उपस्थिति से आयोजन को खास बनाने में जुटे हैं।

इनका कहना है

शहर में होने वाले इस गरबे को मैं पहले भी अटेंड कर चुकी हूं और पिछले साल से ज्यादा इस साल के लिए उत्साहित हूं इस बार की थीम भी आने वाले लोगों के लिए सरप्राइज रहेगी।

खुशबू शर्मा

पिछले साल के मुकाबले इस साल ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद है गरबे की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। सभी प्रतिभागी बढ़-चढ़कर प्रैक्टिस कर रहे हैं।

नीलम सिंह

गरबा मेरे लिए सिर्फ नित्य नहीं बल्कि संस्कृति से जुड़ाव का साधन है। इस बार भी मैं हर स्टेप्स को बड़ी बारीकी से सीख रही हूं।

पल्लवी सिंह

गरबा एक साधारण डांस नहीं बल्कि मां की आराधना का एक साधन है जो लोगों के दिलों को आपस में जोड़ता है। मैं पिछले वर्ष भी इस गरबे में शामिल हुई थी।

पूनम तिवारी

कर्म ही मनुष्य के सुख, दुख, भय का कारण

वनभोज लीला पर प्रवचन सत्र का द्वितीय दिवस

नवभारत,जबलपुर। सच्चा वैष्णव कहीं भी रहे मन से तो वृंदावन में ही रहता है, क्योंकि भाव ही भक्ति को प्रबल करती है। प्रकृति की गोद में भक्ति के किनारे हो रही है लीला सभी ग्वालो को आनंद देती है। यह भक्ति भी सुपात्र को प्राप्त होती है स्वयं परमात्मा अपने हाथों से गोप बालकों को भोजन कर रहे हैं क्योंकि गोपबालको के हृदय में केवल कृष्ण प्रेम है। उपरोक्त उद्गार श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध वनभोज लीला पर पंच दिवसीय प्रवचन सत्र के द्वितीय दिवस शहीद स्मारक सभागार, गोल बाजार, जबलपुर में स्वामी गिरिशानन्द सरस्वती द्वारा व्यक्त किये ।महाराज श्री ने बताया कि कर्म ही मनुष्य के सुख, दुख, भय, क्षेम का कारण है। अपने कर्मानुसार मानव जन्म लेता है और मृत्यु को प्राप्त होता है। कर्म ही ईश्वर है। हम सभी नारायण के अंश हैं। हम कर्म को यश प्राप्ति के लिये नहीं करते। हम कर्म की उपासना करते हैं। कर्म ही हमारी पूजा है। दीप प्रज्वलन साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, रविशंकर झा रिटायर्ड चीफ जस्टिस पंजाब हरियाणा हाइकोर्ट, सांसद आशीष दुबे, डॉ राजेश धीरवाणी, उज्जवल शुक्ला, कैलाश अग्रवाल, द्वारा एवं महाराज श्री का पूजन राजेश अग्रवाल अग्रवाल सभा जबलपुर अध्यक्ष, मीनू अग्रवाल, दृष्टि अग्रवाल, शरद काबरा, मदन गोपाल जेठा, पंडित अरुण शर्मा, भगवान दास धीरवाणी, मोनी अग्रवाल, मनीष दुबे, दिलीप चतुर्वेदी, रुचिमोहन, तनुश्री सिंह, रमेश नवेरिया, मनीष गुप्ता, हिमांशु तिवारी, पंडित अशोक पांडेय डॉ अभिषेक अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल आदि ने किया। पूजन पं. रोहित दुबे ने एवं मंच संचालन पं. सौरभ दुबे ने सम्पन्न कराया।

जय महाकाल संघ ने की कार्यकारिणी घोषित

जबलपुर। जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी ने संगठन की विचारधारा का विस्तार करने और राष्ट्र रक्षा तथा धर्म रक्षा के लिए कार्य करने के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इनमें जबलपुर सहित विभिन्न जिलों में जिला स्तर, विधानसभा स्तर, तहसील स्तर, वार्ड स्तर, चिकित्सा महासंघ, व्यापारी महासंघ की कार्यकारिणी घोषित की है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री सिंह का नागरिक अभिनंदन आज

जबलपुर। शहर के नागरिकों को मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओवर, रिंग रोड़, कटंगा ब्रिज एवं अन्य बड़ी सौगातें प्रदान करने के उपलक्ष्य में आज शुक्रवार को शाम 5 बजे से मानस भवन के प्रेक्षागृह में संस्कारधानी के संतगणों की उपस्थित में मध्यप्रदेश शासन के लोकनिर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह का अभिनंदन किया जायेगा। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने बताया कि कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह के द्वारा प्रदान की गयी बड़ी सौगातों के लिए शहर के 50 से अधिक धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक, साहित्यिक, खेलकूद समितियों के अलावा नगर निगम जबलपुर द्वारा भी उन्हे अभिनंदन कर सम्मानित किया जायेगा। महापौर श्री अन्नू ने इस अभिनंदन समारोह में शहर के सभी सम्माननीय गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों के साथ समितियों के सभी पदाधिकारियों से उपस्थिति के लिए आग्रह किया है।

एक नजर में

हैक जेईसी का आयोजन

जबलपुर। इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल, इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा हैक जेईसी 4 .0 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव चाडंक एवं आईआईसी- जेईसी की अध्यक्ष डॉ. भावना झारिया विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट निर्णायक मंडल एवं अनेक संकाय सदस्य भी सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में प्रारंभिक ऑनलाइन राउंड से कुल 65 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 45 टीमें शॉर्टलिस्ट की गईं तथा 5 टीमें प्रतीक्षा सूची में रहीं। इन 45 टीमों ने अपने अभिनव प्रोटोटाइप और समाधान प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के शीर्ष 5 स्थानों पर रही टीमें अपने उत्कृष्ट नवाचार और प्रस्तुति के लिए सराही गईं। अन्य तीन टीमों ने भी अपनी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल से निर्णायकों को प्रभावित किया। इन चयनित 45 टीमों को अब राष्ट्रीय स्तर की स्मार्ट इंडिया हैक़ाथान 2025 की अंतिम चरण की प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान समारोह

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान भारत सरकार, केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) जबलपुर मुख्यालय के अपर निदेशक डॉ ए.के. सुधांशु ने समारोह आयोजित किया। समारोह में पूर्व केबिनेट मंत्री, पूर्व सांसद, विधायक मुख्य श्रीमती जय श्री बनर्जी, विशिष्ठ अतिथि रूपा बनर्जी,श्रीमती मिताली बनर्जी ने समारोह का शुभारंभ कर प्रधानमंत्री के पटल का अनावरण किया। डॉ ए के सुधांशु ने कहा कि जबलपुर की पूर्व सांसद 92 वर्षीय श्रीमती जयश्री बनर्जी इस अभियान की स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की अनमोल मिसाल है। इस अवसर पर अनिल शुक्ला, डॉ ध्वनि मानवटकर, डॉ प्रियंका, डॉ शिज्जा, डॉ ज्योति सिंह, डॉ उदया मोल, डॉ पंकज पाटिल, डॉ अजय चौहान, वरिष्ठ नागरिक संगठन से सुभाष चंद्रा, काजल विश्वास, अशोक नामदेव, के बी एस चौहान, टी के घटक, पेंशनर एसोसिएशन के विभिन्न संगठनों के सुभाष चन्द्रा, काजल विश्वास,अनिल शुक्ला,पुष्पा दुबे, के बी एस चौहान, अजय राजपूत, टी के घटक, डी के सिंह, अशोक नामदेव, मनोहर लाल राजपूत, जी पी विश्वकर्मा, एम एल पटेल, सहित स्कूल, नारी शक्ति संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

बैठक में हुई आगामी गतिविधियों और योजनाओं पर चर्चा

वार्षिक कार्यकारिणी एवं जिला परिषद की बैठक

जबलपुर। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जिला संघ जबलपुर की वार्षिक कार्यकारिणी एवं जिला परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रिंकुज विज ने की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला संरक्षक अजय तिवारी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ विजयकांत तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों और योजनाओं पर चर्चा की गई। इसी क्रम में, जिला मुख्य आयुक्त डॉ तिवारी ने जिले की, संभागीय,राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, इस अवसर पर वरिष्ठ गाइडर श्रीमती प्रतिभा दुबे ने स्काउट-गाइड जिला संघ को भूमि दान करने की महत्वपूर्ण घोषणा की, बैठक में सहायक राज्य संगठन आयुक्त एवं जिला संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला सचिव व्ही.के. झारिया, तथा संयुक्त सचिव अमिता चौधरी का योगदान रहा।

अभिनंदन कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री सम्मानित

जबलपुर। इंडियन कॉफ़ी हाउस, जे एन के वी वी अधारताल, जबलपुर में डॉ. ओ.के. राजगोपालन (अध्यक्ष, इंडियन कॉफ़ी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, जबलपुर) द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को संस्कारधानी जबलपुर के प्रति उनके अटूट विश्वास, समर्पण, प्रतिबद्धता, त्याग और असाधारण सेवा एवं जबलपुर को एक विकसित शहर बनाने में उनके अथक प्रयासों के लिए डॉ. ओ.के. राजगोपालन ने कॉफ़ी हाउस परिवार के सदस्यों के उपस्थिति में सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रूपा राव भी शामिल थे।

हुजूर बुरहाने मिल्लत की सालाना नियाज आज

जबलपुर। बड़ी ईदगाह, रानीताल में आज जुमा को हुजूर बुरहाने मिल्लत अलैहिर्रहमां की सालाना न्याज का एहतेमाम किया जाएगा। आयोजन की सरपरस्ती मुफ्ती-ए-आज़म, मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉ. मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी करेंगे ।इस मुबारक मौके पर, नमाज़-ए-असर के बाद कुरान ख्वानी होगी, जबकि नमाज़-ए-मगरिब के बाद हल्का -ए-ज़िक्र-ए-कादरिया, नाते पाक, और तोशे शरीफ की न्याज व कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी ।ख़ानकाह- ए-आलिया कादरिया- करीमिया- रज़विया- सलामिया बुरहानिया के सज्जादानशीन, नायब मुफ्ती-ए-आजम हजरत मौलाना सूफी जियाउल हक कादरी और मौलाना इनामुल हक कादरी ने तमाम अकीदतमंदों से इस रूहानी जलसे में शामिल होने की गुजारिश की है।

कृषि उपज मंडी में चलाया स्वच्छता अभियान

नवभारत, जबलपुर। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जबलपुर ने राष्ट्र विकास के जननायक, स्वच्छता को संस्कार में परिणिति करने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जबलपुर संभाग द्वारा कृषि उपज मंडी जबलपुर में प्रदेश सहसंयोजक अशोक सिंघई के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। संभागीय मीडिया प्रभारी अखिलेश दीक्षित ने कार्यक्रम का संचालन किया । इस अवसर पर महानगर सहसंयोजक एवं थोक आलू प्याज मंडी अध्यक्ष धनीराम चौबे, पीके बैनर्जी, एडवोकेट जयकिशन गुप्ता, संजय उपाध्याय, सुमन पवार, कमलेश यादव, मोहित राठौड़ एवं फल मंडी के अध्यक्ष गुड्डू अशरफ एवं स्थानीय व्यापारी एवं नागरिक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

पौधरोपण, पर्यावरण जागरूकता पर कार्यशाला

जबलपुर। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जबलपुर पब्लिक कॉलेज में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉयरेक्टर प्रवीण वर्मा, प्रो. निवेदिता पॉल, प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी श्रीवास्तव ने पौधा रोपण किया। डॉ. श्वेता पांडे ने पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र बढ़ाने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की दिशा में जागरूकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रीति तोमर ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुधा द्विवेदी, डॉ. संगीता कौल के अलावा बीए, बीएड, डीएलएड, एमएड के विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

माता गुजरी कॉलेज में हिंदी दिवस मनाया

नवभारत, जबलपुर। माता गुजरी महिला महाविद्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन हिंदी विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्य डॉ संगीता झाम्ब, रजिस्ट्रार डॉ सत्येंद्र कुररिया, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सपना श्रीवास्तव के निर्देशन मे हुआ। इस अवसर पर छात्राओं के लिए महाविद्यालय में हिंदी के महत्व पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता, स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ पूनम शर्मा, डॉ कीर्ति बाजपेई, डॉ भारती रजक, डॉ रीता मुखर्जी, नम्रता शर्मा, डॉ रत्ना वर्मा, डॉ अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, डॉ वर्षा दुबे उपस्थित रही । निर्णायक की भूमिका में डॉ अल्पना सिंह, डॉ अंजु मिश्रा पांडे उपस्थित रहीं। मंच संचालन डॉ पूनम शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ सपना श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम अमर शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह को दी श्रद्धांजलि, बलिदान को किया याद

बलिदान दिवस पर विभिन्न संगठनों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

नवभारत, जबलपुर। गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर शहर के विभिन्न संगठन एवं संस्थाओं द्वारा गोंडवाना चौक स्थित अमर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

डोमा परिसंघ ने किए श्रद्धा सुमन अर्पित

डोमा परिसंघ द्वारा बलिदान दिवस पर प्रतिमा के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर परिसंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय झारिया, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार कापसे, महासचिव मुक्तेश्वर राव, जय केवट, सुरेंद्र लखेरा आदि उपस्थित रहे।

शरद यादव विचार मंच ने किया माल्यार्पण

गोंडवाना चौक पहुंचकर शरद यादव विचार मंच ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर रामरतन यादव , घनश्याम यादव, बैजनाथ कुशवाहा, शशांक यादव, शैलेश लोधी, मनोज चौधरी, जगदीश नन्हेट , डॉ बालमुकुंद यादव आदि उपस्थित थे।

अजाक्स ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स ने गोंडवाना चौक पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर संघ के अजय सोनकर , राजेन्द्र तेकाम, योगेश चौधरी,राकेश समुद्रे, सुभाष खंडारे, कोमल कोरचे, आदि उपस्थित थे।

अभाविप ने किया प्रतिमा पर माल्यार्पण

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जबलपुर महानगर द्वारा 168वें बलिदान दिवस पर बलिदानियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में अभाविप जबलपुर महानगर मंत्री आर्यन पुंज, सह मंत्री अक्षत ताम्रकार,प्रांत कार्यालय मंत्री रोहित राइ ,महानगर कार्यालय मंत्री आशुतोष पटेल ,लखन मांझी, सत्यम पटेल, यश पटेल आदि उपस्थित रहे ।

आरएसएस ने किया आयोजन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जबलपुर महानगर द्वारा भारत माता के वीर सपूत राजा शंकरशाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर हुतात्मा प्रणाम एवं एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाकौशल कॉलेज के प्रिंसिपल अलकेश चतुर्वेदी, प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद दिनेश्वर, जबलपुर विभाग प्रचारक आनंद अग्रहरि, सह विभाग कार्यवाह विवेकानंद पटेल एवं अखिलेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ ने किए दीप प्रज्वलित

आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ द्वारा 168 में बलिदान दिवस पर अमर शहीदों को भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की एवं प्रतिमा की समक्ष दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण किया। इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष शंकरलाल गोटिया, राष्ट्रीय संरक्षण शैलेश सिंह लोधी, राजेंद्र कोल, विनोद कोल, मीना कोल, सागर मरकाम, हेमंत ठाकुर, अशोक गोटिया, अशोक मरावी आदि उपस्थित थे।